Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:41 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 41 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 28 जुलाई 2024




शादी के बाद पहली बार रैंप...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### रम्पुरा पुलिस चौकी से तमंचे के साथ पकड़ा आरोपी गायब

**रुद्रपुर।** चौकी रम्पुरा से तमंचे के साथ पकड़ा गया आरोपी चौकी से गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। चौकी में तैनात कोई कर्मचारी बताने को तैयार नहीं है। चौकी प्रभारी भी बेखबर है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात को रम्पुरा में दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना पुलिस को मिली। इस पर रम्पुरा पुलिस चौकी से पुलिस कर्मी पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक पुलिस दो युवकों को पकड़ कर चौकी लाकर बैठा लिया। तलाशी लेने पर एक युवक के पास से तमंचा बरामद हुआ। सूत्र बताते हैं कि तमंचे के साथ पकड़ा युवक चौकी से गायब हो गया। इस मामले से चौकी पर मौजूद कर्मी भी अनजान हैं। इस मामले में चौकी प्रभारी नवीन बुधानी से जानकारी चाही तो वह भी बेखबर है। मामला उनके संज्ञान में नहीं है। मामले में कोतवाल एमएस दसौनी से जानकारी चाही तो उनका मोबाइल पर संपर्क नहीं हुआ।

### दुकान से नगदी चुराने का आरोप

**हल्द्वानी।** शहर के मुखानी स्थित एक मेडिकल स्टोर के गल्ले से लाखों की नगदी चुराने का आरोप लगाते हुए दुकान पर काम करने वाली युवती के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मेडिकल स्टोर स्वामिनी ने महिला के खिलाफ मुखानी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दुकान से चोरी करती हुई महिला सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। नीलम राणा का मुखानी में अदिता मेडिकोज के नाम से मेडिकल स्टोर है। महिला का कहना है कि उसकी दुकान पर सोनिया प्रसाद नामक एक महिला काम करती है। दुकान स्वामिनी का आरोप है कि उसने दुकान के गल्ले से अलग-अलग तारीख पर नगदी चुराई जिसकी करतूत सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुई है। आरोप है कि उसने दुकान से कुल एक लाख 80 हजार रूपए चुराए हैं।

## देहरादून समेत छह जिलों में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते प्रदेश भर में दुश्वारियां बढ़ गई हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश भर में सबसे अधिक बारिश मसूरी में हुई। यहां शनिवार को 53.4 एमएम बारिश हुई। प्रदेश भर में आज (रविवार) भी खूब बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, नैनीताल और पिथौरागढ़ जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी



किया गया है। जबकि हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, टिहरी, पौड़ी जिले के अलावा अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश होने की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो 31 जुलाई तक सभी जिलों में तेज बारिश होने के आसार हैं। केंद्र की ओर से सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते प्रदेश भर में दुश्वारियां बढ़ गई हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश भर में सबसे अधिक बारिश मसूरी में हुई। यहां शनिवार को 53.4 एमएम बारिश हुई। जबकि सबसे कम बारिश पौड़ी में हुई, यहां दिन भर आठ एमएम बारिश हुई। दून में आज के तापमान की बात करें तो यहां 28 जुलाई को अधिकतम तापमान 32 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने के आसार हैं।

दिल्ली हादसे पर गरमाई सियासत

## आप व भाजपा आमने-सामने स्वाति गो बैक के लगाए नारे

**नई दिल्ली**
एजेंसी

दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस स्टडी सेंटर में हुए हादसे पर राजनीति शुरू हो चुकी है। आप सांसद स्वाति मालीवाल ने हादसे पर कहा कि बच्चे बहुत दु:खी हैं और गुस्से में हैं। 12 घंटे बीत चुके हैं। अभी तक दिल्ली सरकार का कोई मंत्री या मेयर नहीं आई हैं। कोई अधिकारी नहीं आया है।

दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में राव आईएएस स्टडी सेंटर में एक बड़ा हादसा हो गया। स्टडी सेंटर के बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी में अचानक पानी घुस गया। जिसकी वजह से तीन छात्रों की मौत हो गई। इस लापरवाही को लेकर छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है तो वहीं हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है। इस पर दिल्ली में राजनीति शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनों एक दूसरे पर आरोपी लगा रही हैं।

राज्यसभा सांसद स्वाति मालवाल ने कहा कि अभी राजेंद्र नगर में यूपीएससी के छात्रों से मुलाकात की। सबने बहुत



अच्छे से मुझसे बात की और अपनी जायज पीड़ा बताई। उनके मन में बहुत गुस्सा है कि अभी तक दिल्ली सरकार के मंत्री और मेयर उनसे मिलने नहीं आये। इनका गुस्सा बिलकुल जायज है क्योंकि ये आपदा नहीं मर्डर है। बेशर्मी देखिए अभी भी जवाबदेही की जगह, विधायक और पार्षद कुछ वॉलंटियर्स को छात्रों के बीच में भेज कर मेरे खिलाफ़ नारे लगवाने में दिमाग चला रहे हैं। ये इसलिए क्योंकि मैं मांग कर रही हूं कि इनके खिलाफ भी एफआईआर होनी चाहिए। तुरंत मंत्री और मेयर को अपने आलीशान घर और एसी कमरों से निकल के इन बच्चों से आके माफी मांगनी चाहिए। परिवारों को एक-एक करोड़ की सहयोग राशि देनी चाहिये। मैं संसद में छात्रों के इंसाफ की आवाज जरूर उठाऊंगी।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि दिल्ली की मेयर और स्थानीय विधायक भी वहां हैं। मैं हर मिनट घटना की खबर ले रही हूं। ये घटना कैसे घटी, इसकी मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस घटना के लिए जो भी जिम्मेदार है, उसको बक्शा नहीं जाएगा। आतिशी ने मुख्य सचिव को घटना पर जांच शुरू करने और 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

## कुमाऊं को गढ़वाल से जोड़ने वाले हाईवे पर वैली ब्रिज तैयार

**अल्मोड़ा**
हमारे संवाददाता

आखिरकार रानीखेत-खैरना-रामनगर स्टेट हाईवे पर 50 लाख रुपये से वैली ब्रिज बनकर तैयार हुआ है। हाईवे पर वाहनों की आवाजाही के लिए चार दिन और इंतजार करना होगा। लोनिवि के मुताबिक एक अगस्त को इस पर वाहनों की आवाजाही शुरू कराई जाएगी।

कुमाऊं को गढ़वाल से जोड़ने वाले प्रमुख रानीखेत-खैरना-रामनगर हाईवे पर बीते छह जुलाई को भारी बारिश के बाद उफान पर आया पन्याली नाला मोहान के पास पुल को बहा ले गया। पुल बहने से इस हाईवे पर आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। ऐसे में रानीखेत, भतरौंजखान, कर्णप्रयाग, बद्रीनाथ अन्य स्थानों के लिए वाहन, पर्यटक और यात्री वैकल्पिक मार्ग चिमटाखाल से आवाजाही कर रहे हैं। लोनिवि ने यहां 30 मीटर लंबे वैली ब्रिज का निर्माण कर लिया है। 50 लाख रुपये से पुल बनकर तैयार है। लोनिवि के मुताबिक सीमेंट सहित अन्य निर्माण सामग्री को सूखने के लिए कुछ दिन का समय लगेगा। विभाग का दावा है कि एक अगस्त से इस पुल से वाहन गुजरेंगे और हाईवे पर फिर से आवाजाही शुरू होगी।

### ट्रांसपोर्टर ने लगाया हमले का आरोप

**हल्द्वानी।** ट्रांसपोर्टर ने कुछ लोगों पर हमला बोलने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में नवीन मंडी ट्रांसपोर्ट से संबंधित काम करने वाले मुस्तकीम पुत्र मुस्ताज अली वार्ड नं 28 नमाश मस्जिद के पास उजाला नगर ने कहा है कि वह बीते दिवस आजादपुर दिल्ली मंडी से आई गाड़ी से अपनी आढ़त में माल उतरवा रहा था। तभी आढ़ती शुभम तेजवानी पुत्र लक्ष्मण दास तेजवानी अपनी कार संख्या यूके04एके-3339 में अपने चार व पांच साथियों के साथ लाठी डंडे लोहे की राड एंव नूकीली धारधार हथियार के साथ आया और उस पर हमला बोल दिया। इस बीच मंडी के कुछ लोगों के इकठ्ठे हो जाने पर उसकी जान बची। आरोप है कि इससे पूर्व भी शुभम ने उसे मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस सेआरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ज्वैलर्स की दुकान से लाखों कीमती चांदी और सोने जेवर व नगदी भी चोरी

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक सुनार की दुकान से लाखों के सोने चांदी के जेवरात गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जनपथ रोड वनखंडी कालोनी निवासी राजेश रस्तोगी की घर के ग्राउंड फ्लोर में अल्मोड़ा पहाड़ी सुनार नाम से दुकान है। राजेश रहस्तोगी इन दिनों खाटू श्याम गए हुए हैं। घर पर उनका पुत्र प्रांजल रस्तोगी हीअकेला था। प्रांजल ने बताया कि शुक्रवार को उनके ज्वैलर्स की दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम चल रहा था। दुकान कर्मी अभिषेक रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। रात 11 बजे वह नाइट क्रिकेट मैच खेलकर घर पहुंचा। जिसके बाद रात एक बजे अपने दोस्त को लेने के लिए चला गया। सुबह तीन बजे लाइट चली गई और घर में लगा इनवर्टर की लाइट भी चली गई। वह छत पर गया और बाद में कमरे में आकर फिर सो गया।आज सुबह नौ बजे जब उन्होंने दुकान का मुख्य गेट खोला तो अंदर अलमारी खुली हुई थी। अलमारी के साथ ही दुकान में रखी लाखों के चांदी और सोने के जेवरात गायब थे। साथ ही गल्ले में रखे तीन से चार लाख की नकदी भी गायब थी। प्रांजल के मुताबिक इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पहुंचे और उन्होंने जानकारी ली। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले,लेकिन कुछ नहीं मिला। प्रांजल ने बताया कि जिसने भी चोरी की है, उसे अच्छी तरह से पता था कि चाबी कहां रखी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस वहां लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

## सीएम धामी के डीएम को निर्देश, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर करें शिफ्ट

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

शनिवार को टिहरी जिले में बूढ़ा केदार क्षेत्र में भूस्खलन के बाद एक जगह मां-बेटी की घर में घुसे मलबे में दबने से मौत हो गई, वहीं धर्मगंगा नदी के उफान में मां-बेटी बह गईं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी के बाल गंगा व बूढ़ा केदार में हुई भारी बारिश और भूस्खलन के संबंध में विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह और डीएम मयूर दीक्षित से राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने डीएम को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्र के संवेदनशील गांवों को तत्काल चिन्हित कर लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। बता दें कि भूस्खलन होने से गांव के 50 से अधिक परिवारों को प्रशासन ने राजकीय इंटर कॉलेज विनयखाल में आपदा राहत शिविर में रखा है। यहां पर 70 से अधिक लोगों





ने आपदा राहत शिविर में शरण ली है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय और टिहरी डीएम मयूर दीक्षित को राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को घटनास्थल पर पहुंचकर भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के हालात की समीक्षा करने को कहा। सीएम ने टिहरी प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्र के संवेदनशील गांवों को तत्काल चिह्नित कर प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। मुख्यमंत्री धामी ने यह भी निर्देश दिए कि स्थानीय निवासियों के साथ ही मवेशियों एवं अन्य पालतू पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि राहत कैंप में बिजली, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए और पीड़ितों को अनुमन्य राहत राशि भी तुरंत प्रदान की जाए।

# बीडी पांडे अस्पताल के अंदर भी बारिश का पानी




**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बी.डी .पांडे जिला अस्पताल में छत का काम होने के चलते बारिश का पानी एक्सरे रूम तक पहुंच गया है।

कमरे में सीलन व पानी आने के कारण अस्पताल में एक्सरे करना बंद कर दिया है। जिसके चलते मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि जिला अस्पताल में बीते एक महीने से छत बदलने का काम किया जा रहा है। काम के चलते इन दिनों छत खोली गई है जिसके चलते बारिश का पानी अब एक्सरे वार्ड तक जाने लगा है जिसके चलते शनिवार को अस्पताल में एक्सरे नहीं हो पाए हैं। असप्ताल प्रबंधन की ओर से एक्सरे कक्ष के बाहर सूचना लगा दी गई है। जिसके चलते मरीज परेशान रहे। इधर पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि कमरे में सीलन होने व पानी रिसने के चलते एक्सरे मशीन को बंद रखा गया है। बताया कि आपातकालीन स्थिति में पुराने मेनुअल एक्सरे मशीन से एक्सरे निकाले जा रहे हैं।

## कोहरा छाने व ठंड होने से अस्थमा के मरीज परेशान

**नैनीताल।** नैनीताल में बरसात के साथ कोहरा छाने व ठंड होने से अस्थमा के मरीजों की दिक्कतें बढने् लगी हैं। जिसके चलते इन दिनों बीडी पांडे अस्साल तें रोजाना अस्थमा के 20 से 25 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं।

बता दें कि नैनीताल में इन दिनों बरसात के चलते सुबह शाम हल्की ठंड होने लगी है। वहीं पूरे दिन घना कोहरा लगने से लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं घने कोहरे के चलते अस्थमा के मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीडी पांडे अस्पताल में भी अस्थमा के मरीजों की संख्या बढने् लगी है। बीडी पांडे अस्पताल के चेष्ट फिजिशियसन डॉण् अभिषेक गुप्ता ने बताया कि बरसात व कोहरे के चलते अस्थमा के मरीजों को दिक्कतें हो सकती हैं। बताया कि अस्पताल में उनके पर रोजाना 20 से 25 अस्थमा के मरीज पहुंच रहे हैं। जिनको उपचार के साथ ही डॉक्टरी सलाह दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि अस्थमा के मरीजों को कोहरे व ठंड से बचना चाहिए। कोहरे में टहलना उनके लिए हानिकारक हो सकता है। किसी कारणवश बाहर जाना पड़े तो मास्क का प्रयोग जरूर करें। ज्यादा दिक्कत होने पर डॉक्टरी सलाह लें।

## NEWS / फटाफट

### भूस्खलन रोकथाम को हरिनगर में ट्रीटमेंट प्रारंभ

**नैनीताल ।** सरकारी स्वीकृत योजना के अंतर्गत जीआईसी मैदान क्षेत्र के पास आवासीय कॉलोनी (हरिनगर) में भूस्खलन के उपचार कार्य का प्रारंभ कर दिया गया है। बता दें कि इस योजना के तहत 177.91 करोड़ की लागत से बलिया नाला क्षेत्र में ट्रीटमेंट का काम किया जाना है जिसमें प्रथम किश्त के रूप में प्राप्त 20 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा रहा है।यह उपचार कार्य विशेषज्ञों की निगरानी में हो रहा है। जिनमें भारत सरकार के भू.गर्भ विशेषज्ञए आईआईटी रुडकी के अर्थ साइंस विशेषज्ञ और उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केन्द्र (यूएलएमएमसी) के विशेषज्ञ शामिल हैं। उपचार के सभी पहलुओं को सरकार की ओर से निर्धारित वर्क प्रोग्राम के अनुसार किया जा रहा है। सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता एमके खरे का कहना है कि इस योजना से संबंधित कोई जानकारी या शिकायत हैए तो आप दूरभाष नम्बर 9557300955 पर संपर्क कर सकते हैंए जिसका समाधान शीघ्र किया जाएगा।

### मल्लीताल क्षेत्र में युवक कर गुमशुदगी दर्ज

नैनीताल। मल्लीताल क्षेत्र में एक युवक के गुम होने का मामला सामने आया है। परिजनों की ओर से शिकायत के बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल बलरामपुर हाउस निवासी गंगा सिंह ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए कहा है कि उनका पुत्र नीरज बिष्ट 24 जुलाई की देर रात घर से चला गया। खोजबीन करने व रिश्तेदारों से पता करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। घर से जाने के दौरान वह अपना मोबाइल भी घर छोड़ गया। युवक घर से गुस्से में निकला थाए उसने उसे ना ढूंढने की भी बात कही थी। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर युवक की खोजबीन शुरू कर दी है।

# दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में नृत्य कला की अंतरसदनीय रंगारंग प्रतियोगिता

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में आज नृत्य कला की अंतरसदनीय रंगारंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता वेस्टर्न डांस थीम पर रखी गई थी। जिसमें प्रतियोगिता को दो वर्गों में प्राथमिक वर्ग व उच्च प्राथमिक वर्ग में विभाजित किया था। सभी विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य कलाओं के द्वारा सभा में उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। जनमानस की तालियों से पूरा सभागार गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रोहित कुमार और खुशबू गुप्ता हल्द्वानी शहर के मशहूर नृत्य प्रशिक्षक व विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान समित टिक्कू, एकेडमिक डायरेक्टर स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पांडे, समन्वयिकाएं, शिक्षक गण व समस्त विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी प्रस्तुतियों की समाप्ति के उपरांत मुख्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें नृत्य के विशेष बिंदुओं से भी अवगत कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपक पांडे ने सभी कलाकारों को उनके इस अद्भुत कौशल की प्रशंसा करते हुए परिणाम सबके समझ रखे, जिसमें निम्न प्राथमिक वर्ग में वरुण सदन ने प्रथम स्थान व उच्च प्राथमिक वर्ग में व्योम सदन ने प्रथम स्थान अपने नाम किया । विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए रंगारंग कार्यक्रम का समापन हुआ।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## अर्पिता का गर्ल्स बैडमिंटन खेल में हुआ चयन



**नैनीताल।** सरोवर नगरी के स्टाफ हाउस निवासी तथा हाईकोर्ट में एडवोकेट क्लर्क राकेश कुमार तथा गंगा देवी की पुत्री अर्पिता आर्या का चयन गर्ल्स बैडमिंटन खेल में गर्ल्स छात्रावास अल्मोड़ा में गर्वमेंट कोटे में हुआ है। अर्पिता ने अपनी इस अहम उपलब्धि का श्रेय कोच गौरव नयाल, स्कूल स्टाफ तथा गुरुजनों को दिया है। बता दें कि अर्पिता वर्तमान में सातवी कक्षा में पढ़ती है। अर्पिता के चयन में उनके परिजनों तथा शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए उसके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

राष्ट्रीय वायरल हिपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम
वायरल हिपेटाईटिस एक विषाणु जनित (वायरल) रोग है।
जो लीवर को क्षति पहुंचाता है, इससे बचें।

पत्रांक:-एन0एच0एम/एन0वी0एच0सी0पी0/विज्ञापन/2024-25/1949
दिनांक- 23-07-2024

प्रकार :-
● मुख्यत: पांच प्रकार के हिपेटाईटिस वायरस A,B,C,D & E होते हैं।

कारण एवं प्रसार :-
● हिपेटाईटिस A & E-
● दूषित जल एवं भोजन के उपयोग से।
● हिपेटाईटिस B,C &D-
संक्रमित रक्त एवं रक्त उत्पादों से।
संक्रमित सुई/इंजेक्शन सिरिंज के इस्तेमाल से।
असुरक्षित यौन सम्बन्ध से।
संक्रमित माँ से बच्चे को।

प्रकार :-
1. पीलिया
2. पेट में दर्द
3. बदन में दर्द, सिर दर्द
4. थकान
5. भूख कम लगना
6. जी मिचलाना
7. हिपेटाईटिस बी व सी से लीवर सिरोसिस या कैंसर भी हो सकता है।

रोकथाम :-
● अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखें तथा मक्खियों को ना पनपने दें।
● भोजन पकाने व खाने से पहले तथा शौच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोयें।
● पीने के लिए साफ पानी का इस्तेमाल करें।
● हमेशा नई सुई/इंजेक्शन का इस्तेमाल करें।
● हिपेटाईटिस बी के संक्रमण से बचाव हेतु वैक्सीन लगवायें।
● अधिकृत ब्लड बैंकों से ही रक्त लें।
● असुरक्षित यौन सम्बन्ध से बचें।



लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/चिकित्सालय में परामर्श लें।
(हिमेटाईटिस रोका जा सकता है।)
जिला स्वास्थ्य समिति, नैनीताल द्वारा जनहित में प्रचारित एवं प्रसारित।
अपर मुख्य चिकित्साधिकारी
नैनीताल।

# अभिमत

## कहां है 'अलग'

*नितिन गडकरी की छवि भाजपा के साथ अन्य पार्टियों के नेताओं से अलग जरूर है। भ्रष्टाचार पर हमेशा बयान देते रहते हैं। जातिवाद के मामले में तो ऐसा बयान दिया कि शायद ही कोई दे सकता है। गडकरी ने कहा कि मेरे गृह राज्य महाराष्ट्र में जातिवादी राजनीति का चलन है, लेकिन मैंने साफ कहा है कि मैं जातिवाद की राजनीति नहीं करूंगा। किसी व्यक्ति की पहचान उसके मूल्यों से की जानी चाहिए, न कि उसकी जाति से। गडकरी ने भाजपा की एक गलती का उल्लेख नहीं किया। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान दलबदल का अभियान जैसा चलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं को नाराज किया और पार्टी संगठन कमजोर हो गया।*

लोकसभा चुनाव में भाजपा को अकेले दम पर बहुमत नहीं मिलने के अनेक कारण हैं। पार्टी संगठन और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) चुनाव नतीजों का विश्लेषण कर रहे हैं। अलग-अलग क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशियों की पराजय के अलग-अलग कारण हो सकते हैं। एक बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर सभी मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों को माननी होगी कि सरकार और पार्टी संगठन से गलतियां हुई हैं। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बिना कोई बहाना बनाये स्पष्ट कहा है कि भाजपा एक अलग पार्टी रही है और इसलिए उसने बार-बार मतदाताओं का विश्वास जीता है। पार्टी को अतीत में कांग्रेस द्वारा की गई गलतियों को दोहराने से बचना चाहिए, जिसकी वजह से उसे सत्ता से बाहर होना पड़ा। गडकरी ने पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी के एक बयान को याद किया, जिसमें आडवाणी ने कहा था, 'हम एक अलग पार्टी हैं।' हमें समझना होगा कि हम अन्य पार्टियों से कितने अलग हैं। गडकरी ने परोक्ष रूप से सभी मंत्रियों और भाजपा के पदाधिकारियों को आत्मावलोकन की सलाह देते हुए कहा कि लोगों ने कांग्रेस की गलतियों के कारण भाजपा को चुना है। अब हमें ऐसी ही गलतियां करने से बचना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं को पता होना चाहिए कि राजनीति सामाजिक और आर्थिक सुधार लाने का एक साधन है। गडकरी ने कहा कि हमें (भाजपा) भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाना है। भ्रष्टाचार के साथ जातिवाद की राजनीति के प्रति भी चेताया है। भ्रष्टाचार और जातिवाद से कोई अछूता नहीं है। चुनाव में टिकट बांटने में जातिवाद सबसे ऊपर है। भाजपा भी यही गलती करती है। भाजपा अन्य पार्टियों से अलग कहां है? नितिन गडकरी की छवि भाजपा के साथ अन्य पार्टियों के नेताओं से अलग जरूर है। भ्रष्टाचार पर हमेशा बयान देते रहते हैं। जातिवाद के मामले में तो ऐसा बयान दिया कि शायद ही कोई दे सकता है। गडकरी ने कहा कि मेरे गृह राज्य महाराष्ट्र में जातिवादी राजनीति का चलन है, लेकिन मैंने साफ कहा है कि मैं जातिवाद की राजनीति नहीं करूंगा। किसी व्यक्ति की पहचान उसके मूल्यों से की जानी चाहिए, न कि उसकी जाति से। गडकरी ने भाजपा की एक गलती का उल्लेख नहीं किया। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान दलबदल का अभियान जैसा चलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं को नाराज किया और पार्टी संगठन कमजोर हो गया। भाजपा में वही विकृतियां आने के आसार नजर आने लगे हैं, जो कांग्रेस तथा अन्य पार्टियों में हैं। भाजपा को अन्य पार्टियों से अलग पहचान कायम रखने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी हाईकमान को निभानी होगी।

# सीएम के घोषणाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने गांधी हॉल विकास भवन मुख्यमंत्री द्वारा जनपद हेतु की गयी 24 घोषणाओं की कार्यप्रगति की समीक्षा की। सीडीओ ने विभिन्न विभागों से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं में लंबित /कार्याधीन घोषणाओं पर प्रगति समीक्षा करते हुए डीपीआर, निविदा, भूमि चयन,विवाद आदि सभी प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की व उनमें आ रही समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं से संबंधित सभी योजना कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूरा कर लिया जाये ताकि मुख्यमंत्री का जन सामान्य को लाभान्वित करने का उद्देश्य पूर्ण हो सके व प्रशासन का बेहतर प्रदर्शन जनता के समुख प्रस्तुत हो सके। उन्होंने कहा कि जनपद में कुल 24 घोषणाओं में आ रही समस्याओं के अन्य या विभिन्न विभागों सें सबंधित होने पर आपसी समन्वय बनाते हुए यथाशीघ्र समस्या का निराकरण करने व कार्य सुचारू करने के निर्देश दिये। कार्य योजनाओं को लंबित रखना प्रशासन के लिए ठीक नहीं है। समय से डीपीआर प्रेषित करें व गतिमान कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि लंबित घोषणाओं के संबंध में कोशिश करें कि माह में एक बार जिलाधिकारी कार्यालय से विभागीय सचिव को अनुस्मारक पत्र चला जाये। उन्होंने आपसी पत्राचार को डीएसटीओ के माध्यम से करने के निर्देश भी दिये। जनपद स्तर पर गतिमान घोषणाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि बॉन्ड अवधि के अंदर ही कार्यों को पूरा कर लें। जिन योजनान्तर्गत कार्यस्थल पर गैर-प्रतिबंधित पेड़ काटे जाने है उन्हें काटे जाने से पूर्व दस गुना पेड़ नजदीकी क्षेत्र में लगाये जाये। उन्होंने खटीमा के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ सुरक्षा हेतु किये जाने वाले कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, डीईओ माध्यमिक डीएस राजपूत,एसीएमओ डा एसपी सिंह,ईई ग्रामीण निर्माण विभाग पंकज कुमार,ईई सिंचाई पीसी पांडे, अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

**चर्चा**

- सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**PUBLIC NOTICE/LOST FOUND**

I Apurva Rani R/o Madhavpurm Colony RTO Road Haldwani MOb.: 8445666602 Would Like To Inform The General Public That I Have Lost My Plot Chain Registry Copy Dated 16/7/ 2024 Near Unchapul Haldwani & The FIR was Registered At Police Station Mukhani Under Req No. 001684/ 2024 Dt. 24.07.24 Plot-Khet No. 37 Area 1735.75 Sqr.ft Which Was Sold By Mr. Saket Agarwal To Smt. Lila Devi Dated 07/08/ 2006 & The Matter is Registered At Sub Registrar Office Haldwani Under Bhai No-7 Jild No-459 And Page No-29 To 46 Under Seariel Nol. 1429 Dated 07/08/2006. If Any Person Finds Or Has Any Objection In The Said Matter, Please Contact At The Above Said Details Within 07 Days From Today. Please Donot Sale or Purchase Property Belongs To Us.

# विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की



हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय मानव अधिकार और एंटी करप्शन फोर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस पर हुए शहीदों को कालाढूंगी चौराहे पर बने शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उन्होंने कहा कि 26/1999 जुलाई की तारीख इसीलिए ऐतिहासिक है क्योंकि इस दिन विजय ऑपरेशन में देश को बड़ी सफलता हासिल हुई थी, इस ऑपरेशन में भारतीय सैनिकों ने जम्मू कश्मीर पर स्थित कारगिल के उन इलाकों पर दोबारा फतह की थी। जिन पर पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने घुसपैठ बनकर कब्जा कर लिया था इसीलिए भारतीय इस दिन को बड़े गर्व के साथ धूमधाम से मनाते हैं।

राष्ट्रीय मानव अधिकार की टीम द्वारा भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोषों से पूरे माहौल को देशभक्ति में कर दिया गया साथ ही जो वीर जवान शहीद हुए उनको श्रद्धा सुमन अर्पित की गई श्रद्धांजलि देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव शारिफ खान,प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह रावत, प्रदेश मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण,प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर, राष्ट्रीय सचिव चंपा त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष शोभा बिष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष भवानी बिष्ट शशि गुप्ता, अमित आर्य, दिनेश लम्बा हेमलता बर्मा ,संजय बोहरा जमील अहमद, रोहतास दिवाकर, रोहित दिवाकर,दिनेश मंडल, अशोक कश्यप, रोहतास दिवाकर, संजय बोरा, दिनेश मंडल, जमील अहमद, अरूण मौर्या, प्रकार आर्या, अमित आर्या, असलम खान, शोभा बिष्ट, भवानी बिष्ट, सायमा सिद्दगी, हेमलता वर्मा, गुरवचन सिंह, प्रेम यादव, समेत कई मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## शादी के बाद पहली बार रैंप पर चलीं सोनाक्षी सिन्हा



*सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने 23 जून को मुंबई स्थित अपने आवास पर अपने करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों की मौजूदगी में शादी की थी। शादी के बाद सोनाक्षी लगातार कोई ना कोई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। इसी बीच अब सोनाक्षी ने लोगों का ध्यान एक बार फिर से अपनी ओर खींचा लिया है। शनिवार को दिल्ली में इंडिया कॉउचर वीक में डिजाइनर डॉली जे के कलेक्शन के लिए शोस्टॉपर के रूप में उन्होंने रैंप पर शानदार वापसी की। अभिनेता जहीर इकबाल के साथ शादी के बाद सोनाक्षी का यह पहला रैंप वॉक है। सोनाक्षी का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है साथ ही प्रशंसक उनके इस वीडियो पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं। इस कैटवॉक के दौरान सोनाक्षी सीक्विन थाई-हाई स्लिट गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपनी मिलियन-डॉलर वाली मुस्कान बिखेरी, अपने लहराते कर्ली बालों को खुला छोड़ा हुआ था। सोनाक्षी रैंप पर पहले से भी कहीं ज्यादा कॉन्फिडेंट नजर आईं। उन्होंने अपने चमकदार गुलाबी गाउन को केप और हील्स के साथ स्टाइल किया हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस इवेंट के दौरान सोनाक्षी ने जहीर के साथ अपनी शादी के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मुझे सच में लगता है कि सादगीपूर्ण दुल्हनें फिर से वापस आने वाली हैं। ईमानदारी से कहूं तो मुझे अपनी शादी का भरपूर आनंद लेने की आजादी मिली क्योंकि मैं बहुत सहज थी।*

### प्रियजनों की मौजूदगी में शादी की

*सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने 23 जून को मुंबई में अपने घर पर अपने प्रियजनों की मौजूदगी में शादी की थी। शादी समारोह के बाद, जोड़े ने मुंबई में एक भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया था, जिसमें सलमान खान सहित उद्योग के सभी सितारे शामिल हुए। बहरहाल, जहीर और सोनाक्षी शादी के बाद से अपने नवविवाहित जीवन का भरपूर आनंद ले रहे हैं। इस दौरान दोनों कई जगहों पर घूम चुके हैं साथ ही कई बार डिनर डेट का भी आनंद ले चुके हैं।*

# राबाइ कालेज की छात्राओं ने पौधरोपण कर पर्यवारण संरक्षण का संकल्प लिया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राबाई कालेज की छात्राओं ने शनिवार को खुर्पाताल के विभिन्न क्षेत्रों में फल फूल व औषधियुक्त पौध रोपे। विद्यालय द्वारा चलाए पौंधरोपण कार्यक्रम में खुर्पाताल क्षेत्रवासी बढ़चढ भाग ले रहे हैं। पिछले दस दिनों में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में सैकड़ों पौधे रोपे गए हैं।

पूर्व ग्राम प्रधान व राज्य आंदोलनकारी संघ के जिला अध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में छात्राओं ने तुलसी, तेजपत्ता, नीम, माल्टा, अमरूद, सदाबहार वृक्ष, जेरेनियम समेत कई अन्य प्रजाति के पौंध रोपे। श्री गणेश सिंह बिष्ट ने पौधरोपण के जरिए पर्यवारण का संरक्षण संभव है। विद्यार्थियों को इस दिशा में बढ़चढ कर भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही पौंधरोपण कार्यक्रम में नैतिकरूप से प्रत्येक व्यक्ति का योगदान बेहद जरूरी है। प्रधानाचार्य डा निरिजा पांडे ने पर्यवारण व हरियाली के बीच संबंध पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षक संघ अध्यक्ष कृपाल सिंह, गीता पांडे, शबनम, जय ललिता बिष्ट, माया बिष्ट, उमा करकोटी, भावना कनवाल व खष्टी बिष्ट समेत छात्राएँ मौजूद थी।



## News कॉर्नर

### घर में घुसकर युवती पर युवकों ने चाकू से हमला किया

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में तीन युवकों ने घर में घुसकर सो रही युवती पर चाकू से हमला कर दिया। उसके शोर शराबा मचाने पर लोग एकत्रित हो गए और एक युवक को पीछा करते हुए पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया। थाना ट्रांजिट कैंप जनपथ रोड स्थित वनखंडी कालोनी निवासी काजल शनिवार रात खाना खाकर सो रही थी। इस दौरान तीन युवक जबरन घर में घुस आए और उस पर चाकू से हमला कर दिया। एक के बाद एक कई वार उस पर किए गए। जिससे वह लहूलुहान हो गई। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र हुए तो हमलावर भागने लगे। लोगों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया और कुछ दूर तक पीछा करने के बाद उएक युवक को दबोच लिया। जबकि दो हमलावर अंधेरे में भागने में सफल हो गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल को जिला अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और पकड़े गए युवक को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि युवती ने फरार चल रहे एक आरोपी पीलीभीत निवासी विक्की मंडल पर मुकदमा दर्ज कराया है।

### विधायक ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**नैनीताल।** विधायक सरिता आर्या ने शनिवार को भवाली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश कुमार ने सीएचसी में डॉक्टरों की कमी से हो रही परेशानी के बारे में बताया। विधायक सरिता ने महानिदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखंड डॉ. तारा आर्या को फोन कर सीएचसी में डॉक्टर भेजने की मांग की। जिस पर महानिदेशक ने मांग के लिए पत्र भेजने को कहा गया।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर व पौधरोपण का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन के दृष्टिगत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी द्वारा जिला मुख्यालय स्थित महर्षि विद्या मन्दिर ताकुला नैनीताल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर व पौधरोपण का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधन द्वारा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का स्वागत अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप



से चिन्हित स्थान पर फलदार, छायादार पेड़ों का रोपण किया गया तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा पेड़ों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए निर्देशित भी किया गया।

जागरूकता शरीर में छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए पेड़ों के महत्व के विषय पर भी अपने-अपने विचार प्रकट किए गए। शिविर में प्राविधिक स्वयंसेवक यशवंत कुमार द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली तथा नशीली दावों के दुर प्रयोग अन्य विषयों पर विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा जागरूकता शिविर में सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियमो के पालन,किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 , अन्य विधिक जानकारियां छात्र-छात्राओं अध्यापिक अध्यापिकाओ को दी गई। उक्त जागरूकता शिविर में प्रधानाचार्य निर्मल पांडे, वन विभाग डिप्टी डेंजर आनंद प्रकाश ,केएल आर्य ,अध्यापिका हिमानी आर्या, हर्षित जोशी अन्य सहकर्मी मौजूद रहे।

### रुद्रपुर कलेक्ट्रेट परिसर में किया पौधारोपण कार्यक्रम

**रुद्रपुर।** जिंदगी जिंदाबाद के की ओर से जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में जिलाधिकारी उदय राज सिंह ,जिंदगी जिंदाबाद, करमजीत सिंह चानना ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान ऊधम सिंह नगर में 15000 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है । इस अवसर पर जिंदगी जिंदाबाद के फलदर एवं छायादार पेड़ों से लदी हुई गाड़ी का डीएम उदयराज सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। पौधारोपण शुभारंभ के अवसर पर उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, (डीएफओ) प्रभागीय वन अधिकारी उमेश चंद्र तिवारी, बलजीत कौर, प्रियंका सचदेवा, तनिषा अरोड़ा ,हरजिंदर सिंह लाडी, हरविंदर चुघ, लवली लांबा , परविंदर सिंह, रंजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# हल्द्वानी के छह खिलाड़ियों का उत्तराखंड फुटबाल टीम में चयन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

शहर के छह खिलाड़ियों का चयन उत्तराखंड की अंडर-16 बालक वर्ग की टीम में हुआ है। इनमें पांच खिलाड़ी हल्द्वानी स्पोर्ट्स हास्टल के शामिल हैं। उत्तराखंड की टीम 29 जुलाई से असम में आयोजित होने वाली जूनियर बालक बीसी राय ट्राफी में प्रतिभाग करेगी। राज्य का पहला मुकाबला 31 जुलाई को जम्मू-कश्मीर की टीम से होगा। इधर टीम असर के लिए रवाना हो गई है।

खेल छात्रावास हल्द्वानी के पांच खिलाड़ी अभिषेक वर्मा, प्रांजल पंत, धीरज चौहान, रोहित लोटनी व कृष्णा चौधरी का चयन उत्तराखंड की टीम में हुआ है। इन खिलाड़ियों के चयन में फुटबाल कोच किशोर पाल का अहम योगदान है। कोच किशोर के कुशल मार्गदर्शन में पूर्व में भी हास्टल के



खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर चुके हैं। इस बीच चयनित खिलाड़ियों व कोच किशोर को जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने बधाई दी है। इसके अलावा काठगोदाम निवासी गौरव बिष्ट का चयन भी उत्तराखंड की टीम में हुआ है। वह भी असम के गुवाहाटी में आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल बीसी राय ट्राफी में प्रतिभाग करेंगे। रुद्रपुर में आयोजित कैंप में 22 सदस्यीय उत्तराखंड की टीम की घोषणा की गई। सेंटर फारवार्ड खिलाड़ी के रूप में चयनित गौरव निर्मला कांवेंट स्कूल में 10वीं के छात्र हैं। गौरव ने फुटबाल की बारीकी कोच मोहम्मद जुबेर से सीखी हैं। गौरव के चयन पर उनके परिजनों व खेलप्रेमियों ने खुशी जताई है। गौरव के पिता महेश बिष्ट बीएसएनएल में कार्यरत हैं जबकि माता माया बिष्ट स्वास्थ्य विभाग में सेवारत हैं।

# बियरशीबा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में विज्ञान सप्ताह मनाया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बियरशीबा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, हल्द्वानी में 23 से 27 जुलाई विज्ञान सप्ताह मनाया गया। जिसका शुभारम्भ विद्यालय की फाउंडर मैनेजर निरुपमा भट्ट तलवार, चेयरपर्सन तिलकराज तलवार, प्रधानाचार्या मीना सती तथा उपप्रधानाचार्य एच0एस0 बब्बर, सलाहाकार के0दत्त, हेडमिस्टेस सीमा जोशी, एडमिस्टेंटर निशा सिंह, कॉर्डिनेटर अनीता बिष्ट, निशी वर्मा द्वारा किया गया।

जिसमें सीनियर और जूनियर वर्ग के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। विद्यार्थीयों द्वारा अलग अलग प्रकार के मॉडल बनाये गये। विद्यार्थियों ने मॉडल्स के जरिए विभिन्न मुद्दों पर अभिभावकों और शिक्षकों का ध्यान खींचा। अध्यापक विवेक जोहरी और अध्यापिका शोभा नियोलिया की देख रेख में विज्ञान सप्ताह संपादित किया गया। कार्यक्रम के समापन में प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य द्वारा प्रतिभाग कर रहे विद्यार्थीयों और अध्यापकों को उनके सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। कार्यक्रम को सुचारु रुप से कराने के लिए सभी अध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापन दिया।



# भारत की दिशा व दशा बदलने में कारगर होगा बजट: दुष्यंत गौतम





**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट दुरगामी परिणाम देने वाला है।

विकसित भारत की दिशा व दशा बदलने में यह बजट काफी करगर साबित होगा ऐसा उन्हें विश्वास है। शनिवार को यहां रामपुर रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गौतम ने केन्द्रीय बजट पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का बजट आम जनता से लेकर किसानों,बेरोजगार युवाओं, उद्यमियों आदि सभी के लिए लाभदायक ही नहीं बल्कि दूरगामी भी है। कांग्रेस को लेकर उन्होंने कहा कि सदन में भेदभाव का आरोप लगाना उस मुद्दे पर चर्चा न करना है ये सविधान के खिलाफ है अगर बजट में कुछ रह गया है तो उसमें चर्चा होनी चाहिए लेकिन ऐसे नहीं हो रहा है,,उनकी मंशा नहीं है कि सदन में बेस की जाए,,,इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश का पहला मुख्यमंत्री है जो आपदा में खड़ा मिलता है तथा सैनिकों के लिए, 28 लाख से बढ़ा कर 50 लाख रुपए कर दिए हैं, उत्तराखंड में बहुत सैनिक धाम बनने जा रहा है और कई योजनाएं उत्तराखंड में चल रही हैं जिनमें मुख्यमंत्री खुद देख रहे हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट,प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल,प्रदीप बिष्ट,चंदन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### युवक को नशे में वाहन चलाना पड़ा महंगा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक युवक को नशे में वाहन चलाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक का वाहन सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात शराब के नशे में हल्द्वानी निवासी एक युवक ने अपना चार पहिया वाहन खड़ा कर दिया। जब वहां ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मी ने वाहन हटाने की बात कही तो वह अनसुना करने लगा। पुलिस ने युवक का मेडिकल कराया जिसमें युवक में शराब पीने की पुष्टि हुई।

# भास्कर जिला उपाध्यक्ष व रोहित संयुक्त महामंत्री बने

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे ने भास्कर तिवारी को जिला उपाध्यक्ष और रोहित अग्रवाल को जिला संयुक्त महामंत्री मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष जगदीश बवाड़ी, धर्मेंद्र नेगी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा, पंकज कंसल, नदीम





खान, गोपाल अधिकारी, गिरिजा नंदन भट्ट, लाला जायसवाल, विजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी, प्रमोद भट्ट, प्रदीप सब्बरवाल, शिव कपूर, रामपाल सिंह गंगोला, मारुति नंदन साह, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल, जिला महिला अध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा आदि ने हर्ष जताया है।

# नंदा देवी महोत्सव को लेकर रामसेवक सभा कार्यकारिणी की बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी मे राम सेवक सभा कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक शनिवार को सभा भवन में संपन्न हुई।

बैठक में श्री मां नंदा देवी महोत्सव तथा श्री रामलीला महोत्सव कार्यक्रम पर व्यापक चर्चा हुई । श्री नन्दा देवी महोत्सव 8 सितंबर से 15 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा,बताया गया कि अबकी बार अष्टमी 11 सितंबर को है।

बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष मनोज साह तथा संचालन महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने किया। महासचिव बवाड़ी ने बताया की जिलाधिकारी वंदना सिंह के साथ हुई



बैठक में यह तय हुआ कि श्री नंदा महोत्सव नैनीताल को अंतराष्ट्रीय धरोहर में शामिल किए जाने हेतु समुचित प्रयास किए जाने जरूरी है।

बैठक में श्री नंदा देवी महोत्सव हेतु 21 विभिन्न समितियों का गठन किया गया है जिससे महोत्सव को भव्य रूप दिया जा सके। बैठक में छोलिया दल की संख्या बढाने सहित कई अहम मुद्दों पर भी चर्चा हुई । कदली वृक्ष चयन हेतु भी समिति बनाई गई जो कदली का चयन परंपरा अनुसार चयन करेगी ।

बैठक में यह भी तय हुआ की अगस्त में महिला दल तथा नागरिकों तथा सभा के सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठ होगी। बैठक में सभा के संरक्षक गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष अशोक साह समेत बिमल साह, बिमल चौधरी,राजेंद्र लाल साह, घनश्याम साह, राजेंद्र बजेठा तथा भीम सिंह कार्की, चंद्र प्रकाश साह तथा प्रो. ललित तिवारी शामिल रहे।